NT>

Title: Regarding employment of women on compassionate ground in Coal India Limited and Eastern Coal Fields Ltd.

श्री विकास चौधरी (आसनसोल) : भारत सरकार की संस्था कोल इंडिया लि. और ईस्टर्न कोल फील्ड्स लि. में देखा गया है कि महिलाओं ने वहां कम्पैशनेट ग्राउंड पर बहाल होने के लिए दरख्वास्त दी थी। लेकिन उनको बहाल नहीं किया जा रहा है। उनको कहा जा रहा है कि न तो बहाल करेंगे और न काम देंगे। यह हिन्दुस्तान के संविधान के खिलाफ है कि महिलाओं को बाहर कर दिया जाए। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह इस पर ध्यान दे और कोल इंडिया लि. तथा ईस्टर्न कोल फील्ड्स लि., जो भारत सरकार की संस्था है, उसको कहे कि इन महिलाओं को वहां बहाल किया जाए।